डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ

Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow

Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-14/DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/2020–21

दिनांकः– 17 जून, 2020

परीक्षा हेतु आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थाओं मे संचालित समस्त पाठ्यक्रमों हेतु शैक्षिक सत्र 2019–20 की स्नातक एवं परास्नातक के अन्तिम अधिसत्र (फाइनल सेमेस्टर) की सत्रांत/वार्षिक परीक्षाएं 01 जुलाई, 2020 से प्रस्तावित थी, वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरांत उन्हें अगस्त माह 2020 में कराये जाने का विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लिया गया है। परीक्षा की आगामी तिथि के सम्बन्ध में विद्यार्थियों को 15 दिन पूर्व सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से प्रदान की जायेगी।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त परीक्षार्थियों को अपना परीक्षा आवेदन दिनाँक 22 जून, 2020 से दिनाँक 05 जुलाई, 2020 के मध्य अनिवार्य रूप से ऑन–लाईन भरना होगा। परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार विश्वविद्यालय द्वारा चयनित परीक्षा केन्द्रों (जिसकी सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ उपलब्ध है) में से निकटस्थ/इच्छित परीक्षा केन्द्र (स्थान का नाम कोड सहित) का चयन कर अपना विकल्प यथा स्थान अंकित करना सुनिश्चित करेंगे। तदनुरूप ही उन्हें मनोवांछित परीक्षा केन्द्र से सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों को परीक्षा के निमित्त आने–जाने हेतु यात्रा व्यय का वहन स्वयं करना होगा। विश्वविद्यालय द्वारा उनके ठहरने तथा भोजन इत्यादि के सम्बन्ध में कोई व्यवस्था नहीं की जायेगी।

परीक्षार्थियों से अपेक्षित है कि वे अपने ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र में समस्त प्रविष्टियाँ सावधानी पूर्वक स्वयं भरें। विश्वविद्यालय कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने के उपरांत किसी भी प्रकार के संशोधन/परिमार्जन का अवसर उन्हें नहीं प्रदान किया जायेगा।

विश्वविद्यालय में संचालित शेष अन्य समस्त अधिसत्रांत परीक्षाओं के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा परिस्थितियों का समुचित आकलन करने के उपरान्त विद्यार्थियों को पृथक् से सूचना वेबसाइट के माध्यम से कम से कम 15 दिवस पूर्व प्रदान की जायेगी।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

17-6-2020

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव